06 एकता का दिया परिचयः कार्यकर्ताओं ने आंगनबाड़ी...





07 गेल इंडिया प्लांट में किसानों की जा रही जमीन...




## खबर संक्षेप में

### भारतीय वायु सेना (अग्निवीर) के लिए आवेदन आमंत्रित

**नलखेड़ा।** भारतीय वायु सेना (अग्निवीर) के लिए आवेदन के लिए विज्ञापन जारी किया गया है। जिसके लिए 8 जुलाई से 28 जुलाई 2024 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि ऐसे युवा जिनका जन्म 03 जुलाई 2004 से 03 जनवरी 2008 के मध्य हुआ है, आवेदन करने के लिए पात्र हैं। इच्छुक आवेदक आवेदन वेबसाइट पर जाकर अपना पंजीयन करा सकते हैं। शैक्षणिक योग्यता संबंधी जानकारी विज्ञापन या भारतीय वायु सेना भर्ती उपरोक्त वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है। संबंधित लिंक एमपी रोजगार पोर्टल पर भी उपलब्ध है।

### जाति प्रमाण-पत्र बनवाने समग्र आईडी जरूरी

**सीहोर।** लोक सेवा गारंटी के माध्यम से जाति प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए अब आवेदक की या परिवार की समग्र आईडी होना जरूरी किया है। जिले की तहसीलों में स्थापित लोक सेवा गारंटी केंद्र पर जाति के आवेदन अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति पिछड़े वर्ग, विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ के मैन्युअल जाति के आवेदन मैन्युअल अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति मैन्युअल अन्य पिछडे वर्ग मैन्युअल विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ ब्लड रिलेशन जाति के आवेदन ब्लड रिलेशन अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति ब्लड रिलेशन अन्य पिछड़े वर्ग तथा ब्लड रिलेशन विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ पोर्टल पर लाइव कर दिया गया है।

### बिना अनुमति अवकाश नहीं मिलेगा

**सीहोर।** मप्र विधानसभा का मानसून सत्र 1 जुलाई से प्रारंभ हो रहा है। इस सत्र में विधानसभा प्रश्नों के उत्तर तत्काल भेजने के लिए और सत्र अवधि में जिले के समस्त अधिकारी कर्मचारियों को बिना अनुमति के अवकाश पर नहीं जा पाएंगे। कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार विधानसभा के प्रश्न जैसे ही प्राप्त होते हैं तत्काल उसके उत्तर तैयार कर समयावधि में सही एवं पूरक जानकारी सहित भेजने का उत्तरदायित्व संबंधित कार्यालय प्रमुख व प्रभारी अधिकारी का होगा।

### धोखाधड़ी करने वालों पर होगी कार्रवाई

**सीहोर** राज्य सरकार किसानों के साथ नाप-तौल में धोखाधड़ी करने वाले व्यापारियों को चिह्नांकित कर कड़ी कार्रवाई कर रही है। गड़बड़ी करने वाले व्यापारियों को चिह्नांकित कर उनके विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किए जाएंगे।

### अंतिम तिथि भी निकली, 61.05 प्रतिशत ने नहीं दी जानकारी

# जिले के 416 निजी स्कूलों में से 162 ने पोर्टल पर फीस की जानकारी अपलोड की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

प्रदेश में स्कूल माफिया के खिलाफ मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने अपने सख्त तेवर किए हैं ? वहीं प्रदेश के जबलपुर व भोपाल में ऐसे स्कूल संचालकों को जो बच्चों के अभिभावकों से किताब, ड्रेस, फीस के नाम पर मोटी रकम वसूल कर लूट रहे थे? उन पर नियमानुसार कार्यवाही भी सुनिश्चित की गई है। प्रदेश के शिक्षा विभाग द्वारा कई वर्षों पूर्व ही सभी अशासकीय स्कूलों को निर्धारित बिंदुओं के आधार पर पोर्टल पर फीस तथा ऑडिट रिपोर्ट की जानकारी अपलोड किए जाने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन उसका पालन निजी शिक्षण संस्थाओं द्वारा नहीं किया जा रहा था? अब प्रदेश के मुखिया द्वारा निजी स्कूलों पर नकेल कसने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए जाने के बावजूद आगर जिले में अंतिम तिथि निकल जाने के बाद भी 416 निजी स्कूलों में से मात्र 162 स्कूलों द्वारा ही एप पर जानकारी अपलोड की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी का कहना है कि



जिन स्कूलों द्वारा जानकारी अपलोड नहीं की गई उनके खिलाफ नियम अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

प्राइवेट स्कूलों की मनमानी पर लगाम लगाने के लिए फीस की जानकारी पोर्टल पर अपलोड किए जाने के निर्देश प्रदेश शिक्षा विभाग द्वारा जारी किए गए थे। लेकिन शिक्षा विभाग द्वारा लंबी मोहलत देने के बाद भी अभी तक अंतिम तारीख निकलने तक जिले में 61.05 फीसदी निजी स्कूलों ने पोर्टल पर फीस संबंधी जानकारी अपडेड नहीं की ओर जानकारी देने से बचते नजर आ रहे है।

दरअसल जिले में 416 निजी स्कूल की संख्या दर्ज है जिनमें से अभी तक सिर्फ 162 निजी स्कूलों ने ही जानकारी एप पर अपलोड की है। बाकी 254 स्कूलों ने अभी तक जानकारी अपलोड नही की है। अंतिम तिथि 24 जून तक सभी स्कूलों को ये जानकारी अपलोड करना थी, लेकिन निजी स्कूल संस्थानों की मनमानी ऐसी है की वे सख्त कार्यवाही किए जाने के बाद भी पोर्टल पर जानकारी नहीं दे रहे हैं। हालांकि विभाग की ओर से दावा किया जा रहा है कि तारीख आगे बढ़ाई जा सकती है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया की जो स्कूल पोर्टल पर फीस की जानकारी नहीं देंगे उन स्कूलों पर कार्यवाही की जाएगी।

#### जानकारी अपलोड नहीं करने वाले स्कूलों पर कार्रवाई होगी

जिले में 416 निजी स्कूलों में से 162 स्कूलों ने ही पोर्टल पर जानकारी अपलोड की है। जबकि संचालकों द्वारा शासन के निर्देश होने के बाद भी जानकारी अपलोड नहीं की गई है। उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार जानकारी अपलोड नहीं करने वाले निजी स्कूलों पर कार्रवाई की जाएगी।

**रामगोपाल शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला आगर मालवा**

## नमामि गंगे अभियान के तहत नहीं हुए जल संरक्षण के कार्य

### ग्रामीण क्षेत्र में नाले और कुएं गंदगी से भरे पड़े





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

नमामि गंगे अभियान के तहत लगता है कि तहसील क्षेत्र में जल संरक्षण के कार्य नहीं हुए हैं। इसके प्रमाण ग्राम कुशलपुरा का पुरातन कुआं व ग्राम में स्थित नाला है जो कचरे व गंदगी से भरे पड़े हैं। शासन द्वारा गत 5 जून से 16 जून तक नमामि गंगे अभियान चलाया गया था, जिसके अंतर्गत जल संरक्षण के विभिन्न कार्य होना थे। पुराने जल स्त्रोतों की साफ सफाई कर उनकी मरम्मत कर पुर्नजीवित करना, नाले नालियों की सफाई के कार्य, तालाब आदि की मरम्मत के कार्य किए जाने थे। लेकिन जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत कुशलपुरा में अभियान के तहत उक्त कार्य नहीं हुए ऐसा प्रतीत हो रहा है। ग्राम के संजय डगवाल ने बताया कि ग्राम में स्थित पुराने कुएं की सफाई तक नही करवाई गई। जिसमें आज भी कचरा भरा दिखाई दे रहा है।

इसी प्रकार ग्राम में स्थित नाला पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो रहा है, उसमें गंदगी व्याप्त है जिसके कारण मच्छर उत्पन्न हो रहे है जिससे बीमारियां फैल सकती है। जनपद क्षेत्र के इस छोटे से ग्राम के ये हालात है तो क्षेत्र के अन्य ग्रामों में स्थिति क्या होगी यह सहज रूप से अंदाजा लगाया जा सकता है। शासन के ऐसे महत्वपूर्ण अभियानों को कागजों तक सीमित रखकर धरातल पर नही उतारा गया है।

#### इनका कहना है

अभियान के तहत सोखता गड्ढों के कार्य किए गए हैं। संबंधित कुएं में ग्रामवासियों द्वारा मना करने पर भी कचरा डाला जाता है। नाले की मरम्मत का कार्य करवाया जाएगा।

**-दिलीप सिंह बंजारा, पंचायत सचिव ग्राम पंचायत कुशलपुरा**

## बहुरूपिये ने जोकर बनकर लोगों को जमकर हंसाया



**नलखेड़ा।** नगर में इन दिनों राजस्थान से आया बहुरूपिया प्रतिदिन अलग अलग स्वांग रचकर लोगों का मनोरंजन कर रहा है। शुक्रवार को राजस्थान से आए बहुरूपिये रवि ने जोकर बनकर लोगों को जमकर हंसाया। पुरानी फिल्मी गानों पर डांस करते हुए अपनी शैली में वह लोगों को हंसाता रहा। गाने की आवाज सुनकर राह चलते लोग बरबस ही रुककर उसका डांस देख रहे थे। बच्चे भी जोकर बने बहुरूपिये के साथ हंसी मजाक करते रहे।

## मंदिर मार्ग पर नाली के अभाव में सड़क पर बह रहा गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

सरकार द्वारा नगरीय निकायों को स्वच्छता के लिए प्रतिवर्ष लाखों रुपये की राशि अनुदान के रूप में प्रदान किए जाते हैं, ताकि संबंधित निकाय अपने क्षेत्र में साफ सफाई के साथ ही नाली जैसे निर्माण कार्य करवा सके। लेकिन नगर के मां बगलामुखी मंदिर मार्ग पर आज तक नाली निर्माण नहीं होने से गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। इस गंदे पानी में से वाहन निकलने पर इसके छींटे राहगीरों पर पड़ रहे हैं। नगर का प्रमुख व व्यस्त मार्ग मां बगलामुखी मंदिर मार्ग पर सड़क के दोनों ओर नाली के अभाव में इस मार्ग पर रहने वाले रहवासियों के घरों, प्रतिष्ठानों से निकलने वाला गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। इसी मार्ग पर नगर की अधिकांश होटले





भी स्थित है जिनका गंदा पानी भी सड़क पर ही बह रहा है। शिवाजी चौराहे से अंबेडकर चौराहे के मध्य कई स्थानों पर इस प्रकार का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है।

उल्लेखनीय है कि कुछ माह पूर्व इस मार्ग के दोनों ओर लगे फुटपाथ निकाले गए हैं। इन फुटपाथ व सड़क के मध्य उस समय एक छोटी नाली बनी हुई थी जिसमें से यह गंदा पानी बहकर निकल जाता था। लेकिन फुटपाथ हटाये जाने के बाद नगर परिषद द्वारा आज तक इस मार्ग के दोनों ओर नाली निर्माण नहीं किया गया है, जिसके कारण गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। नाली के अभाव में सड़क पर बहते गंदे पानी की शिकायत इसी मार्ग के रहवासी दुर्गेश राठौर द्वारा सीएम हेल्पलाइन पर भी की जा चुकी है लेकिन समस्या का निराकरण नहीं हो पाया है।

#### समस्या का निदान करेंगे

मौका निरीक्षण करवाया जाएगा तथा रहवासियों एवं नागरिकों की समस्या का निदान किया जाएगा।

**पवन फुल फकीर, प्रभारी सीएमओ नगर परिषद नलखेड़ा**

### अवैध मदिरा के विरुद्ध की गई कार्रवाई

**सीहोर।** कलेक्टर प्रवीण सिंह के निर्देशानुसार आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत



अवैध मदिरा के विनिर्माण, संग्रह, विक्रय एवं परिवहन की रोकथाम के लिए निरंतर कार्यवाही की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी दीप सिंह राठौर ने बताया कि 24 एवं 26 जून को अष्टा विकासखंड के ग्राम चिन्नौटा, फुडरा, मैना, अरनिया, हरनियागांजी में आबकारी अधिनियम के अंतर्गत 6 प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की गई। जिसमें लगभग 30 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 500 किलो महुआ लाहन जब्त किया गया। जप्तशुदा शराब एवं लाहन का बाजार मूल्य 54,500 रुपए है।






# पत्रकारिता देश की दशा और दिशा बदल सकती है वो पर्यावरण और धरती को बचाने में करें सहयोग : आचार्यश्री प्रज्ञासागर

## वंसुधरा को हरा-भरा बनाने का आचार्यश्री ने पत्रकार वार्ता में किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

चारों ओर सीमेंट कांक्रीट की सड़क का जाल बनाने में बेतहाशा हरे वृक्षों की कटाई कर जंगलों को रेगीस्तान बनाने में हम सबका हाथ है। लेकिन हमने सीमेंट कांक्रीट के निर्माण तो करवा लिए परन्तु वृक्ष लगाना भूल गए। जिसके कारण हर वर्ष गर्मी का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है। बारिश पर भी इसका असर पड़ रहा है। इसको लेकर साधु संत महात्मा भी चिंतित होकर वसुंधरा को हरा-भरा करने के लिए अलख जगाने के लिए अग्रसर हैं।

इसी कड़ी में दिगम्बर जैन समाज के आचार्य प्रज्ञासागर महाराज ने पौधारोपण करने और पर्यावरण संरक्षित रखने की बात कर पत्रकारों से भी पर्यावरण एवं धरती को बचाने का आह्वान किया। युवाओं को पर्यावरण से जोड़कर पौधारोपण के लिए प्रेरित करने का उद्देश्य को लेकर दिगम्बर जैन समाज के आचार्य प्रज्ञासागर महाराज पद यात्रा कर रहे हैं। उज्जैन से राजस्थान के लिए पाटन तक लगभग 180 किलोमीटर की इस पद यात्रा में जहां पर उनका विश्राम हो रहा है वहां पर समाज के साथ ही अन्य नागरिकों को भी वे पौधारोपण के लिए प्रेरित कर रहे हैं।






साथ ही स्वयं युवाओं के साथ मिलकर पौधे भी रोपित कर रहे हैं।

दरअसल, पर्यावरण यात्रा के रूप में मध्यप्रदेश से राजस्थान की ओर विहार कर रहे हैं। इस यात्रा का उद्देश्य पेड़ काटने की बजाय पेड़ लगाने का संदेश उज्जैन से शुरू हुई यह यात्रा नजरपुर, घट्टिया होते हुए ग्राम दाबला हर्दू, तनोडिया और फिर आगर होते गुरुवार को सुसनेर पहुंची थी। जहां शुक्रवार को उन्होंने स्थानीय त्रिमूर्ति जैन मंदिर में दोपहर 3 बजे पत्रकार वार्ता का आयोजन कर पत्रकारों एवं जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि पत्रकारिता से देश की दशा और दिशा दोनों बदल सकती है। पत्रकारिता वो स्तम्भ है जिससे देश चलता है। इसीलिए मेरा समाज के साथ सभी पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य करने वाले पत्रकारों से आह्वान है कि वो भी पर्यावरण को बचाने, पेड़ों को काटने से रोकने में एवं अधिक से अधिक पौधे लगाकर वसुंधरा को बचाने का संकल्प लें। अभी दिल्ली में गर्मी का पारा 56 तक पहुंच गया था और आने वाले समय मे 57 तक पहुंच जाएगा तो लोग बैठे बैठे ही मरने लगेंगे। इसीलिए जिनका यहां भी पुत्र पुत्रियां का जन्म हो उनके जन्म के साथ ही वो माता पिता पौधे भी लगाएं और जैसे अपने पुत्र पुत्रियां को बड़ा करने में पूरा ध्यान लगाते है वैसे ही उन पौधों को बड़ा करने में भी ध्यान लगाएं। मेरा दावा है जब आपकी छत्रछाया आपके बेटों पर नही होगी परन्तु आपके लगाए पौधों की छाया आपके जाने के बाद भी आपके बेटों पर होगी। में इसी मिशन को लेकर निकला हु। मेने अपनी दूरदर्शिता से देखा है कि इसी तरह अगर नवनिर्माण चलता रहा। पेड़ कटते रहे। वृक्ष घटते रहे। पदूषण बढ़ता रहा तो आने वाले समय की जो स्थिति होगी वो बहुत भयानक होगी। पहले बिना पंखे के भी लोग रहते थे परन्तु आज लोग बिना कूलर ओर एसी के नही रह सकते है। इसके जिम्मेदार कौन है कौन इसकी जिम्मेदारी लेगा। इस स्थिति के जिम्मेदार भी हम है और इसकी जिम्मेदारी भी हमे लेना होगी। हमने अपने सामने पेड़ कटते देखा है। परन्तु हमने पेड़ काटने ओर कटवाने वालो से दृढ़ता से यही नही बोला की देखो भाई तुम एक काट रहे हो तो तुम्हे दस पौधे पहले लगाने होंगे।

पत्रकार वार्ता के दौरान आचार्यश्री ने उपस्थित जनप्रतिनिधि पूर्व विधायक राणा विक्रमसिंह, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि राहुल सिसोदिया, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जैन खुपवाला, मप्र श्रमजीवी पत्रकार संघ अध्यक्ष मांगीलाल सोनी, प्रेस क्लब अध्यक्ष मुकेश हरदेनिया, पत्रकार विष्णु भावसार, संजय जैन, जितेंद्र सांवला, रजनीश सेठी आदि का स्वागत समाजजनों के माध्यम से कराया।

**खबर संक्षेप**

## लोगों की देवास-इंदौर मेट्रो चलाने की मांग

**देवास।** हजारों युवक-युवती पढाई एवं व्यवसाय के लिए प्रतिदिन देवास से इंदौर अप डाउन करते है। एबी रोड पर यातायात का दबाव ज्यादा होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। हाल ही में 27 जून को देवास निवासी एक्टिवा सवार महिला डॉक्टर को इंदौर-देवास रोड पर ट्रक ने कुचल दिया। जिससे हादसे में बाइक सवार डॉ. अनामिका लिंबोदिया की मौके पर मौत हो गई। सामाजिक कार्यकर्ता प्रेमनगर पार्ट 2 निवासी गोपाल अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं मुख्य सचिव से मांग की है कि जिस प्रकार इंदौर से उज्जैन मेट्रो ट्रेन चलाने का प्रस्ताव पास किया गया। उसी प्रकार देवास से इंदौर तक भी मेट्रो ट्रेन का प्रस्ताव पास किया जाए। जिससे आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं पर रोक लग सके। साथ ही मेडीकल, इंजीनियर व फार्मेसी सहित अन्य कॉलेजों की कमी के कारण कई युवा छात्र-छात्राएं प्रतिदिन अपनी पढाई व पढाने के लिए डेली इंदौर आते जाते है। ऐसे में इन कॉलेजों देवास में खोला जाए।

## परिचय सम्मेलन को लेकर हुई बैठक



**देवास।** प्रथम अखिल भारतीय श्रीवास सेन समाज युवक-युवती परिचय सम्मेलन की कामकाजी बैठक चामुंडा कॉम्प्लेक्स स्थित एक दुकान पर रखी गई। जिसमें मुख्य रूप से श्रीवास सेन समाज इंदौर अध्यक्ष प्रदीप श्रीवास उपस्थित थे। उन्होंने आगामी कार्यक्रम को लेकर प्रकाश डालते हुए कहा कि इंदौर में होने वाले भव्य परिचय सम्मेलन के माध्यम से समाज के प्रत्येक परिवार को जोड़ने का प्रयास होगा। देवास यूपी श्रीवास सेन समाज देवास का अतिशीघ गठन किया जायेगा व इंदौर में होने वाले परिचय सम्मेलन को सफल बनाने के लिए देवास श्रीवास सेन समाज द्वारा अधिक से अधिक प्रविष्टि फार्म भरे जाएंगे। इस दौरान इंदौर से पधारे वैष्णव श्रीवास, राकेश श्रीवास, मुकेश केलवा व नारायण सेन के साथ देवास से एडवोकेट मनोज श्रीवास, दिनेश श्रीवास, अजय श्रीवास, हरीश श्रीवास, लक्ष्मण श्रीवास, अतुल बहेरिया, निलेश श्रीवास, अमित श्रीवास उपस्थित थे।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री एवं विधायक के नाम दिया ज्ञापन

# एकता का दिया परिचयः कार्यकर्ताओं ने आंगनबाड़ी की समस्याओं को उठाया

आंदोलन में जिले के हर तहसील से दूर-दूर ग्रामीण से आंगनबाड़ी कर्मी भारी संख्या में देवास आई थी। विधायक को ज्ञापन देने के पश्चात लगभग एक किलोमीटर लंबी रैली के रूप में हुई शामिल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶देवास



आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका मिनी कार्यकर्ता संघ मध्य प्रदेश द्वारा देवास जिले में जिला स्तर पर आकर अपनी एकता का परिचय देते हुए सभी कार्यकर्ताओं ने 12 बजे से 3 बजे तक आंदोलन में भाग लेकर रैली के रूप में कलेक्टर कार्यालय तक पहुंची। आंदोलन के समय देवास विधायक गायत्री राजे पवार ने आंगनबाड़ी बहनों के बीच जाकर ज्ञापन लेते हुए आंगनबाड़ी की समस्याओं संबंध में कहा कि 1 जुलाई से विधानसभा सत्र शुरू होने वाला जिसमें मुख्यमंत्री के सामने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका मिनी कार्यकर्ता संघ की मांगो को प्राथमिकता के आधार पर रखते रखते हुए हल किया जाएगा।

जिससे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं को न्याय मिल सके जो कि शासन के हर जनहितेषी कार्य में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आंदोलन में जिले के हर तहसील से दूर-दूर ग्रामीण से आंगनबाड़ी कर्मी भारी संख्या में देवास आई थी। विधायक को ज्ञापन देने के पश्चात लगभग 1 किलोमीटर लंबी रैली के रूप में जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंची वहां पर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन जिला कलेक्टर कार्यालय में दिया गया। वहीं पर जिला कार्यक्रम अधिकारी भी भारी संख्या में उपस्थित आंगनबाड़ी कर्मियों की समस्या सुनते स्वयं उपस्थित हुई थी। उन्होंने कहा कि मेरे अधिकार क्षेत्र की समस्याएं में तुरंत हल करूंगी और शासन स्तर की समस्याएं में शासन को प्रेषित करूंगी।

आंदोलन में आंगनबाड़ी कर्मियों में अभूतपूर्व एकता नजर आई जिधर देखो उधर कार्यकर्ता और सहायिका ही नजर आ रही थी। संख्या इतनी अधिक थी कि कार्यक्रम स्थल छोटा पड़ गया। जिलाधीश कार्यालय भी कार्यकर्ताओं से भरा गया था। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में बोला कि हमारी एकमात्र मांग नियमिति कारण को हल करने के लिए हम संगठन का जी जान से सहयोग करेंगे और यह दो-दो एप में कार्य बंद किया जाए जो पहले से एप चल रहा है उसी को निरंतर रखा जाए जो नया ऐप अभी लागू किया है वह दूरस्थ ग्रामीण में नेटवर्क एवं अन्य समस्या का कारण संभव नहीं हो रहा है। आंगनबाड़ी कर्मियों के अन्य मांग जुलाई से 1000 मानदेय की बढ़ोतरी रिटायरमेंट पर मुख्यमंत्री द्वारा घोषित 125000 की राशि एवं अन्य मांगे आंगनबाड़ी कर्मियों के ज्ञापन में रखी गई थी जिन्हें शासन से शीघ्र हल करने का निवेदन किया गया। मिनी कार्यकर्ताओं को जल्दी ही मेन कार्यकर्ता में बदलने का आदेश शासन से



जल्दी मिल जाएगा। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका मिनी कार्यकर्ता संघ मध्य प्रदेश महामंत्री रंजना राणा, प्रदेश उपाध्यक्ष रानी सिंह, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रुक्मणी यादव, जरीना खान संभाग अध्यक्ष,उपाध्यक्ष शर्मिला ठाकुर, प्रदेश संयोजक महेंद्र सिंह राणा, संरक्षक रामभान सिंह व जिले की समस्त कार्यकर्ता एवं सहायिका मिनी कार्यकर्ता उपस्थित रही।

# चांसिया हाटपीपल्या मार्ग का किया गया चौड़ीकरण

**किसानों व आमजन को बारिश में मिलेगी राहत**



**चापडा।** सडक का निर्माण होने के बाद आवगमन में मिलेगी राहत।

हरिभूमि न्यूज ▶▶चापडा

किसानों ने हाटपीपल्या चॉसिया मार्ग को चौड़ीकरण करने को लेकर नप करनावद में मांग पत्र दिया था। ज्ञापन में किसानों ने सड़क को चौड़ी करने व मुरुम डालकर सड़क बनाने के लिए मांग कि गई थी। किसानों ने नप अध्यक्ष परसराम पटेल व सीएमओ मुरली राठौर को मार्ग की समस्या से अवगत कराते हुए कहा था कि हम किसानों के खेत इस मार्ग पर स्थित हैं।

बारिश में कीचड़ होने, पानी भरने से आवागमन में परेशानी होती है। किसानों की आवागमन समस्या को देखते हुए नगर पंचायत करनावद ने जेसीबी से मार्ग को चौड़ा कर मुरुम डलवाया। मुरुम डालने से मार्ग चौड़ा हो गया, जिससे अब किसानों को कीचड़ सहित आवागमन में आ रही समस्या से राहत मिलेगी। दोपहिया, चार पहिया खेतों तक सुलभता से पहुंच सकेंगे। किसानों ने बताया की पहले मार्ग दस से बारह फीट चौड़ा था। नप महकमे ने किसानों की सहमति से सड़क को तीस फीट चौडा कर दिया है। मार्ग के चौडे होने से किसान सहित करनावद से हाटपीपल्या जाने वाले राहगीरों को राहत मिलेगी। मार्ग पर स्थित भूस्वामियों, किसानों ने सड़क को चौड़ी करने के लिए आम सहमति से दोनों तरफ आठ-आठ फीट भूमि दी, जिससे मार्ग तीस फीट चौड़ा हो गया। वहीं किसानों ने प्रति बीघा दो सौ रूपए प्रति बीघा का जनसहयोग कर मार्ग पर मुरम डलवाया। किसान भीमाशंकर पाटीदार, कन्हैयालाल पाटीदार, भूरू बद्रीलाल पाटीदार ने अपनी भूमि से मुर्रम दिया। चौड़ीकरण कार्य में किसान जितेन्द्र कटारिया, परसराम , नरेंद्र पाटीदार, बल्लू पाटीदार, रवि दरबार, दिलीप पाटीदार, उपाध्यक्ष राजेश गोयल, पार्षद भेरूलाल पाटीदार, बाबुलाल भाबोर, पार्षद प्रतिनिधि दिलीप भाई, लीलाधर पाटीदार व किसानों का सहयोग रहा।

# प्रगति क्लब के ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶देवास



प्रगति एथलेटिक्स क्लब व देवास जिला सॉफ्टबॉल एसोसिएशन द्वारा आयोजित 45 दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन मुख्य अतिथि गायत्री राजे पवार कार्यक्रम की अध्यक्षता, मनोज राजानी विशेष अतिथि, प्रदीप सिंह सिसोदिया, मीनाक्षी देवी सिसोदिया, नवीन सोलंकी, अनुपम टोप्पो, भरत चौधरी, सचिन जोशी के मुख्य आथित्य में संपन्न हुआ। अतिथियों का स्वागत संचालक अनिल श्रीवास्तव, सचिव राजीव श्रीवास्तव, भरत वर्मा, योगेश द्विवेदी, पवन यादव, शिवनारायण टांडी, सुषमा अरोरा, निरंजन यादव, शैलेंद्र चंद्रवंशी, अरुण कुशवंशी, श्रीकांत अटवाल, सुदामा शर्मा, देवराज सांगते, भारत विश्वकर्मा आदि ने किया। स्वागत भाषण चंद्रपाल सोलंकी ने दिया। क्लब की जानकारी मनोज राजानी ने दी। साथ ही उन्होंने स्टेडियम निर्माण में प्रगति क्लब की अहम भूमिका बताते हुए कहा कि यह ग्राउंड आईटीआई का हुआ करता था और इस ग्राउंड में बड़े-बड़े गड्ढे हुआ करते थे जो की प्रगति क्लब के खिलाड़ियों द्वारा प्रयास कर कर समतल किए गए और मेरे प्राधिकरण अध्यक्ष बनते ही मैंने इस स्टेडियम का निर्माण करने का संकल्प लेकर कार्य पूर्ण किया। आज मुझे खुशी है कि इस ग्राउंड पर काम से कम 400 से 500 खिलाड़ी निमित रूप से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रगति मुख्य अतिथि गायत्री राजे पवार ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस स्टेडियम में जो अधूरा कार्य बचा है मैं उसे पूरा करने के लिए वचनबद्ध हूँ साथ ही उन्होंने 7 करोड़ की लागत से बनने वाले एथलेटिक ट्रैक के लिए शीघ्र कार्य शुरू करने का भी आश्वासन देते हुए खेल अधिकारियों को जानकारी देने को कहा। उन्होंने प्रगति क्लब के सभी पदाधिकारियों एवं खिलाड़ियों को आशीर्वचन देते हुए क्लब को हर संभव मदद देने को कहा। अतिथियों द्वारा उत्कृष्ट खिलाड़ियों को प्रतीक चिन्ह एवं टी-शर्ट वितरण की गई। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी डॉ देविका चौधरी, प्रियांशी चौधरी, बेबी सिंह, आयुषी सिंह, पुष्प मोदी, देव चौधरी, रितेश मालवीय, सोनू विश्वकर्मा, आरती कुमावत, सोनाली कुशवाह, मीनाक्षी, शिवम, सौम्य चौधरी, अनुष्का वर्मा, ऋषभ आदि खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन पंकज वर्मा ने किया तथा आभार सुषमा अरोरा ने माना।

## धारावाहिक देवास क्राइम अपडेट के प्रथम एपिसोड की शूटिंग पूरी



**देवास।** पुलिस प्रशासन के मार्गदर्शन मे बन रहे सत्य घटना पर आधारित धारावाहिक देवास क्राइम अपडेट के प्रथम एपिसोड विश्वासघात की शूटिंग पूर्ण हों गई है। इस रोमांचक और रहस्य से भरी श्रृंखला के निर्माता बसंत वर्मा हैं। निर्देशक अश्विन नारायण आशापुरे ने अपनी बेहतरीन निर्देशन कौशल से इस धारावाहिक को एक नई ऊँचाई पर पहुँचाया है।निर्देशक अश्विन नारायण ने बताया कि इस धारावाहिक की कहानी और पात्रों को जीवंत करना एक चुनौतीपूर्ण और रोमांचक अनुभव रहा है। पूरी टीम ने कड़ी मेहनत की है, और हमें उम्मीद है कि दर्शक इसे पसंद करेंगे। देवास क्राइम अपडेट जल्द ही यूट्यूब पर प्रसारित होने वाली है, और उम्मीद की जा रही है कि यह धारावाहिक दर्शकों के बीच अपनी खास जगह बनाएगा। इस धारावाहिक मे शहर के कई नामी व्यक्तित्व ने भी कलाकार के रूप मे कार्य किया है जिसमे एडवोकेट विजय राठौर व शिक्षक अजय सोलंकी, समाज सेवक जितेन्द्र वर्मा भी शामिल है। मुख्य पात्रों मे नगेंद्र दांगी, पूजा वर्मा, अश्विन नारायण, सत्येंद्र योगी, विकास जैन सहित सहायक कलाकार मे नेहा राजपूत, कनक मर्सकोले, संदीप बैरागी, अनुज श्रीवास भावी त्रिवेदी ने अभिनय किया है। धारावाहिक बनाने मे अजय बरगोदिया का विशेष सहयोग रहा। कैमरा जसवंत मालवीया ने सम्हाला। इस धारावाहिक मे कार्य करने के लिए अगर देवास के कलाकार इच्छुक हों तो दिए गए नंबर पर संपर्क करके अभिनय के क्षेत्र मे कार्य कर सकते है।

# सरपंच ने किया निर्मल नीर का निरीक्षण, पेयजल व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों से की बातचीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶चापडा



ग्राम पंचायत छतरपुरा द्वारा हर घर नियमित पानी पहुंचाया जा रहा है। यहां पर लगभग 500 कनेक्शन है , पंचायत व्दारा एक दिन छोड़ कर हर घर पानी पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।ग्राम पंचायत द्वारा हर घर नियमित पानी दिया जा रहा है। लगभग 500 कनेक्शन है , जिन्हें एक दिन छोड़ कर हर घर पानी दिया जा रहा है। गर्मी के दिनों में आसपास के किसानों को कुएं से पानी ले कर पानी छोड़ा जा रहा है।

सरपंच निर्मला जवाहर पाटीदार ने बताया कि पानी के स्त्रोत की कमी है। ग्राम पंचायत के पास एक निर्मल नीर है, जिसमें गर्मी के दिनों में पानी कम हो जाता है जिसके कारण आसपास के किसानों के कुएं से पानी इकट्ठा कर के ग्राम मे पानी वितरण किया जाता हैं। निर्मल नीर कुएं के पास वन विभाग की भूमि है जहां पर छोटा तालाब बना है। वन विभाग द्वारा यदि इस तालाब को बड़ा बनाने का प्रयास किया जाए तो अधिक मात्रा में जल संचय हो सकता है। सभी परिवारों को निःशुल्क नल कनेक्शन दिए गए थे। शुक्रवार के दिन सरपंच निर्मला जोहर पाटीदार सचिन सागर चौहान, रोजगार सहायक नंदकिशोर पाटीदार सहित अन्य वरिष्ठ जनों ने पंचायत अंतर्गत स्थित निर्मल नीर पर पहुंचकर वहां का निरीक्षण किया और जल स्त्रोत बढ़ाने के लिए कार्य योजना पर चर्चा की।

# सोयाबीन फसल को है अब पानी की है जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶चापडा



खरीफ फसल बोवनी का कार्य चापड़ा खड़ी पट्टी में लगभग पूर्ण हो चुका है। क्षेत्र में सोमवार व मंगलवार के दौरान किसानों ने बोवनी की है। हालांकि क्षेत्र में शुरुआत बारिश कम हुई है, लेकिन बोली के अनुकूल बारिश होने के कारण किसानों ने सोयाबीन की बोवनी की है।

बोवनी के बाद से बारिश नहीं हुई है, जिसके कारण किसानो की चिंता बढ़ रही है, क्योंकि तेज धूप एवं गर्मी के कारण खेतों की नमी कम हो रही है। ऐसे में फसल अंकुरित होकर बाहर निकल रही, लेकिन इस समय में फसल को पानी की आवश्यकता है। बारिश नहीं होने से फसल सूख जाएगी। यदि समय रहते बारिश होती है तो सोयाबीन का दाना अच्छे से अंकुरित होगा और फसल भी अच्छी होगी। लेकिन आसमान में काले बादल तो नजर आते हैं। लेकिन वह बरस नहीं रहें हैं। तेज गर्मी व धूप के कारण खेत की मिट्टी भी सुखने लगी है। किसान आंनद शर्मा, किशोर पाटीदार ने बताया कि इन दिनों फसल को बारिश कि आवश्यकता है। बोवनी के बाद बारिश की जरूरत होती है, लेकिन इन दिनों गर्मी पड़ रही है। हालांकि कुछ क्षेत्र में फसल बड़ी हो गई है। उस फसल में खरपतवार के लिए किसान डोरे चला रहे हैं, लेकर उस फ़सल को भी पानी की जरूरत है।

### चातुर्मास हेतु साध्वी का हुआ नगर प्रवेश, भक्तजनों ने की गुरुदेव की आगवानी

# ज्ञान तप आराधना की वास्तविक प्यास प्रश्न चिन्ह खड़ा नहीं करती: साध्वी

हरिभूमि न्यूज ▶▶देवास



पानी की वास्तविक प्यास कभी भी पानी का भाव मोल नहीं करती है। उसी प्रकार ज्ञान, तप, और धर्म आराधना की वास्तविक प्यास इनको पाने के लिए कभी कोई प्रश्न खड़ा नहीं करती है, बस उसे पाने का प्रयास करती है। जरूरत है जीवन में सिर्फ धर्म आराधना की वास्तविक प्यास की। दुर्लभ मानव जीवन की सार्थकता नित नये ज्ञान प्राप्त करके तपस्या एवं धर्म आराधना करते हुए मोक्ष को प्राप्त करने में ही निहित है।

इसी प्यास को बुझाने के लिए चातुर्मास आयोजित किये जाते हैं। आपको भी चार माह के इन चातुर्मास में संस्कार, ज्ञान, ध्यान, उपासना, आराधना एवं प्रभु भक्ति को मुख्य लक्ष्य मानते हुए धर्म आराधना में लीन और तल्लीन बनना है। यही चातुर्मास की सफलता है। यह बात विशाल धर्मसभा को उपदेशित करते हुए साध्वी शुभवर्धना श्रीजी एवं पद्मलता श्रीजी ने कही। प्रवक्ता विजय जैन ने बताया कि चातुर्मास प्रदान करने हेतु कलिकुंड तीर्थ उद्धारक आचार्य राजेन्द्र सूरीश्वर के शिष्य गच्छाधिपति राजशेखर सूरीश्वरकी सुशिष्या साध्वी शुभवर्धना श्रीजी, जयवर्धना श्रीजी एवं निर्वाणवर्धना श्रीजी आदि ने नगर प्रवेश किया। इस अवसर पर सागर समुदाय वर्तिनी साध्वी पद्मलता श्रीजी आदि ठाणा 3 विशेष रूप से उपस्थित थीं। 29 जून से चातुर्मास प्रारंभ 15 जुलाई तक विभिन्न विषयों पर आपकी सारगर्भित प्रवचन श्रृंखला आयोजित की गई है। नगर प्रवेश के दौरान ताराणी कालोनी स्थित सजनबाई अमोलकचंद जैन मामा अशोक जैन पटवारी के निवास पर सकल श्री संघ की नवकारशी का विशेष आयोजन हुआ। यहां से नगर प्रवेश की भव्य शोभा यात्रा प्रारंभ हुई जो कि सिविल लाईन्स स्थित श्री मुनिसुव्रत स्वामी मंदिर उपाश्रय धर्मसभा के रूप में संपन्न हुई।

शोभायात्रा के दौरान समाजजनों ने अपने घरों के सामने अक्षत एवं श्रीफल की गहुली बनाकर गुरुदेव की अगवानी की। इस अवसर पर सभापति रवि जैन एवं विधायक प्रतिनिधि भरत चौधरी एवं समाजजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे। स्वागत उद्बोधन प्रकाश जैन गोखरू ने दिया तथा भक्तिगीत की प्रस्तुति अनूप जैन ने दी। आभार शैलेन्द्र चौधरी एवं विलास चौधरी ने माना।आगामी आयोजन29 जून से 14 जुलाई तक सिविल लाईन्स उपाश्रय में विभिन्न विषयों पर आपकी सारगर्भित प्रवचन श्रृंखला आयोजित होगी, जिसमें बड़ी संख्या में धर्मवाणी श्रवण करने वाले भक्त पधारेंगे। 29 जून को हेलो जिंदगी विषय पर प्रवचन होंगे।

## जन्म-मृत्यु पंजीयन के संबंध में संशोधन अधिनियम पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

**देवास।** जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय जिला देवास द्वारा जन्म-मृत्यु पंजीयन के संबंध में जन्म मृत्यु संशोधन अधिनियम 2023 एवं सी.आर.एस. पोर्टल dc.crsorgi.gov.in विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण जिला पंचायत देवास के सभागार में आयोजित किया गया। इस दौरान जिला योजना अधिकारी अर्चना टोकेकर, जन्म-मृत्यु पंजीयन कार्य करने वाली इकाइयों के रजिस्ट्रार एवं ऑपरेटर उपस्थित थे। कार्यक्रम में जनगणना कार्य निदेशालय मध्य प्रदेश भोपाल से नमित यादव, उप निदेशक एवं उनके सहयोगी मनोज कनाड़े सांख्यिकीय अन्वेषक द्वारा जन्म मृत्यु संशोधन अधिनियम 2023 एवं सीआरएस पोर्टल पर प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में जिले के समस्त शासकीय चिकित्सा संस्थानों के रजिस्ट्रार उनके सहयोगी, समस्त नगरीय निकायों के रजिस्ट्रार एवं उनके सहयोगी एवं कुछ प्राइवेट चिकिसालयों के सूचनदाता मौजूद थे। प्रशिक्षण में बताया गया कि 11 अगस्त 2023 के बाद जन्में बच्चों का जन्म प्रमाण-पत्र अनिवार्य कर दिया गया है। जो कि बच्चे के स्कूल में प्रवेश, आधार कार्ड, पेन कार्ड, पासपोर्ट, ड्रायविंग लाईसेंस इत्यादि के लिये आवश्यक होगा। जन्म प्रमाण-पत्र जन्म स्थान एवं जन्म तारीख का वैधानिक दस्तावेज होगा। चिकित्सा संस्थानों में हुई प्रत्येक मृत्यु का मृत्यु के कारणों का चिकित्सीय प्रमाणीकरण संबंधित संस्थान के चिकित्सक द्वारा दिया जाना अनिवार्य होगा। उसकी एक प्रति संबंधित रजिस्ट्रार एवं दूसरी प्रति निकटतम संबंधी को निशुल्क दिया जाएगा। पोर्टल में आम नागरिकों द्वारा मोबाइल ओटीपी के माध्यम से जन्म-मृत्यु की सूचना घटित घटना के स्थान से संबंधित रजिस्ट्रार को ऑनलाइन प्रेषित की जा सकेगी।

## खबर संक्षेप

### पाठशाला के बालकों की धार्मिक परीक्षा संपन्न



**आष्टा।** श्री दिगम्बर जैन भारत वर्षीय श्रमण संस्कृति परीक्षा बोर्ड सांगानेर के दिशा निर्देशानुसार आचार्य विद्यासागर पाठशाला द्वारा श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर पाठशाला के बालक - बालिकाओं की वर्ष 2023 -24 के पाठ्यक्रम पूर्ण होने पर वार्षिक परीक्षा आयोजित की गई । जिसमें समाज के बालक -बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आठ वर्ष से इक्कीस वर्ष आयु वर्ग के बालक - बालिकाओं ने परीक्षा में सहभागिता की । परीक्षा का संचालन पाठशाला की स्वयंसेवी शिक्षिकाओं श्वेता जैन , बुलबुल जैन , मोनिका जैन, शोभा जैन एवं मनीषा जैन ने किया। पाठशाला प्रभारी अजय जैन ने बताया कि पाठशाला परिवार जैन समाज के बालक -बालिकाओं को धार्मिक संस्कार देने के साथ उनके चरित्र निर्माण और जैन संस्कृति के संस्कार देने के लिए कृत संकल्पित हैं। समाज की मातृ शक्ति अपना अनमोल समय आचार्य विद्यासागर पाठशाला हेतु नित्य देती है।

### होटल व्यापारी संघ ने विधायक का किया स्वागत

**आष्टा।** धियायक गोपालसिंह इंजीनियर ने नवनियुक्ति होटल व्यापारी संघ के अध्यक्ष आदेश शर्मा का विधायक कार्यालय पर स्वागत किया। नवीन कार्यकारिणी में महामंत्री मन ठाकुर एवं कोषाध्यक्ष दिलीप यादव का स्वागत कर बधाईयां दी। होटल व्यापारी संघ द्वारा विधायक का भी साल श्रीफल एवं मीठा मुंह कराकर सम्मान कर प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर होटल व्यापारी संघ के नानू राठौर,सुनील मेवाड़ा, पवन जैन, सन्जू जैन, पंकज नाकोड़ा, राजु राठौर, धर्मेन्द्र यादव, दिलीप यादव उपस्थित थे।

### समीक्षा बैठक में आष्टा विधायक ने प्रस्तुत की विकास योजनाएं

# गेल इंडिया प्लांट में किसानों की जा रही जमीन के मामले का भी उठाया मुद्दा

**नर्मदा-पार्वती लिंक योजना में छूटे 29 गांवों को शामिल करने, आष्टा नगर में सीवेज लाइन और बुधवारा में जल भराव समस्या को लेकर रखी अपनी बात**

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



गुरूवार को प्रभारी अपर मुख्य सचिव भोपाल संभाग डॉ. मोहम्मद सुलेमान, अपर मुख्य सचिव लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग भोपाल संभाग की अध्यक्षता में जनप्रतिनिधियों के साथ विकास कार्यों की संभागीय समीक्षा बैठक आयुक्त कार्यालय भोपाल के सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। विकास कार्यों की संभागीय स्तरीय समीक्षा बैठक में आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने आष्टा विधानसभा क्षेत्र की प्रमुख एवं बड़ी विकास की योजनाओं, विकास कार्यों में आने वाली समस्याओं एवं आष्टा विधानसभा क्षेत्र को स्मार्ट विधानसभा बनाने के लिए विकास की योजनाओं का एक ब्लूप्रिंट अधिकारियों के समक्ष क्रमवार दमदारी से प्रस्तुत किया। बैठक में विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने आष्टा विधानसभा क्षेत्र के लिए स्वीकृत 60 हजार करोड़ की राशि से लगने वाले गेल इंडिया प्लांट में जो किसानों की लगभग 302 हेक्टेयर जमीन जा रही है,उसको लेकर भी किसानों की बात दमदारी से रखते हुए मांग की के उक्त प्रस्तावित प्लांट की पुनः समीक्षा की जाए तथा ऐसा ब्लूप्रिंट तैयार किया जाए कि गेल इंडिया प्लांट में किसानों की जमीन नहीं जाए तथा उसके बदले उस प्लांट को सरकारी जमीन उपलब्ध कराई जाए। नर्मदा पार्वती लिंक परियोजना में आष्टा विधानसभा क्षेत्र के जो 29 गांव छूटे हैं इन गांवों को भी अति शीघ्र शामिल किया जाए तथा जो 13 वन ग्राम है उन वन ग्रामों के लोगों को जिनको पट्टे मिले हेउनके पट्टे की समय सीमा खत्म हो गई । इन वन ग्रामो में रहने वाले सभी लोगो को तत्काल जल्द से जल्द नये पट्टे बना कर वितरण किया जाए।

विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में आष्टा नगर पालिका की दो बड़ी समस्याओं जिसमें एक सीवेज लाइन नहीं होने तथा बुधवार क्षेत्र में बारिश के दौरान जिस तरह से जल भराव की स्थिति बनती है तथा लोग उसमें नाव चलाते हैं उस समस्या को तत्काल हल करने के लिए भी भेजी योजना को स्वीकृत की जाये। आज समीक्षा बैठक में विधायक श्री गोपाल सिंह इंजीनियर ने मांग की की लगभग 10 वर्ष पूर्व गवाखेड़ा तालाब का निर्माण हुआ,जिसमे हमारे किसान भाईयों की जमीन डूब में गई, लेकिन 10 वर्ष बाद भी जिस तालाब में किसानों ने अपनी जमीन दी है उन किसानों को सिंचाई के लिए आज तक उस तालाब का ना ही बेस्ट वेयर का निर्माण हुआ और ना ही नहर का निर्माण हुआ।

तालाब बनने के बाद भी किसानों को सिंचाई के लिये पानी नही मिला। जल्द से जल्द गवाखेड़ा तालाब का बेस्ट वेयर एवं नहर का निर्माण कराया जाए ताकि जिन किसानों की जमीन गई है उन किसानों को इस तालाब से नहर से सिंचाई हेतु पानी मिल सके । आष्टा विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने बैठक में मांग की की जो गुराडिया वर्मा का प्रस्तावित तालाब है उसकी लागत अब पहले से बड़ गई है,उस तालाब की अब जो निर्माण राशि हो उसे स्वीकृत किया जाए क्योंकि उसकी राशि और लागत काफी बढ़ गई है। आष्टा विधानसभा क्षेत्र जो की सीहोर जिले की सबसे बड़ी विधानसभा है,आष्टा विधानसभा में ट्रामा सेंटर की कमी लंबे समय से उठ रही है,आष्टा जो की इंदौर भोपाल के बीच हाईवे पर स्तिथ है हमारे क्षेत्र में इस मार्ग पर सबसे अधिक एक्सीडेंट होते है,दुर्घटना में घायलों को बाहर भेजा जाता है उनको समय पर यही ईलाज मिल जाये इसके लिये आष्टा में एक सर्व सुविधा युक्त ट्रामा सेंटर स्वीकृत किया जाये। आष्टा को एक गर्ल्स कॉलेज, चार छोटे पुल है जिनकी ऊंचाई लंबाई काफी कम है और इन पुलों पर थोड़ी सी ही बारिश में नदी का पानी पुल पर आ जाने के कारण कई बड़ी घटनाएं दुर्घटनाएं हो चुकी है,कई बह गये है। इन पुलों का निर्माण भी कराया जाए । विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने मांग की की खेत सड़क योजना को पुन चालू किया जाए यह एक अच्छी योजना है तथा इससे खेतों के किसानों को सड़क की सुविधा मिलने से वह अपने खेतों तक पहुंचने में एवं कई ग्राम पंचायत का उससे विकास भी संभव है।

आष्टा विधानसभा क्षेत्र में नल जल योजना की स्थिति काफी ठीक नही है उस पर भी ध्यान दिया जाए तथा जिन ग्रामों की नल जल योजना पूर्ण हो गई है लेकिन उनके ठेकेदारों को उसका भुगतान के लिए परेशान हो रहै है उनका भुगतान भी तत्काल कराया जाए । आष्टा विधानसभा क्षेत्र सीएम राइस स्कूल की ओर स्वीकृति की जाये जिनकी मांग की गई है एवं आष्टा नगर में एक सर्व सुविधा युक्त बड़ा स्टेडियम की भी मांग विधायक ने बैठक में प्रस्तुत की। मीडिया प्रभारी सुशील संचेती ने बताया की आष्टा विधायक श्री गोपालसिंह इंजीनियर ने आज पूरे आष्टा विधानसभा क्षेत्र का काम समय में गहरा अध्ययन कर आष्टा विधानसभा क्षेत्र में क्या-क्या विकास के कार्यों की बड़ी संभावना है उन सभी का खाका तैयार करके आज समीक्षा बैठक में दमदारी से प्रस्तुत किया है। ओर सभी को स्वीकृत करने की मांग की। आज अधिकारियों ने भी उनकी बातों को कभी गंभीरता से लिया ओर सुना और उम्मीद है की आष्टा विधानसभा क्षेत्र को इस समीक्षा बैठक के बाद बड़ा लाभ प्राप्त होगा ओर आष्टा विधानसभा 5 साल में स्मार्ट विधानसभा के रूप में नजर आये। बैठक में संभाग आयुक्त, संबंधित सभी जिलों के कलेक्टर्स, मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# डीएसवायडब्ल्यू ने सीहोर क्लब को 2-1 से हराया



**सीहोर।** चर्च मैदान पर चल रही प्रतियोगिता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के चर्च मैदान पर खेली जा रही बेबी लीग खेल मेले के अंतर्गत बुधवार को दो मैच खेले गए थे। इसमें पहला मैच डीएसवायडब्ल्यू ने सीहोर क्लब को कांटे की टक्कर में 2-1 से हराया। इसके अलावा एक अन्य मैच सीहोर बाइज और आरएसआई के मध्य खेला गया था। इसमें 1-0 से आरएसआई ने जीत हासिल की।

इस मैच में आरएसआई की ओर से एक मात्र गोल अनमोल ने किया। बुधवार की शाम को समाजसेवी रुद्रप्रकाश राठौर ने खिलाडिय़ों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ खेल भी आज के दौर में जरूरी है। इससे सफलता के रास्ते खुलते है, आप लोग इसी तरह खेलते हुए अपने शहर का नाम रोशन करे। यहां पर मौजूद नेशनल प्लेयर मुस्कान, वैदेही, दिशा और प्रंजलि आदि ने अतिथि का तिलक कर स्वागत किया। शाम को पहला मैच रोमांचक रहा। इसमें डीएसवायडब्ल्यू की ओर से वंश और शुभम के एक-एक गोल की बदौलत 2-1 से जीत हासिल की। वहीं सीहोर क्लब की ओर से एक गोल मोहित ने किया।

इधर चल रहे एक अन्य मुकाबला सीहोर बाइज और आरएसआई के मध्य खेला गया था। इस मैच में आरएसआई ने सीहोर बाइज को 1-0 से हराया। इसमें आरएसआई की ओर से अनमोल ने गोल किया। इस मौके पर एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया, मनोज दीक्षित मामा, आनंद उपाध्याय, मनोज जोशी, अनिल राय, नीरज चौरसिया, अजय मिश्रा, शैलेन्द्र शर्मा, विपिन पवार आदि शामिल थे।

# थाना परिसर में हुआ सुंदरकांड का पाठ



**जावर।** श्री मारुति मानस मंडल द्वारा थाना परिसर में हुआ सुंदरकांड।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

जावर थाना परिसर में सुंदरकांड का आयोजन मंगलवार को हुआ जावर में थाना परिषद में थाना प्रभारी के द्वारा शिव मंदिर मे सुंदरकांड पाठ का आयोजन रखा गया जिसमे सहयोग में लाखन सिंह ठाकुर ,महेंद्र सिंह राजपूत एवं समस्त थाना के स्टॉप के द्वारा करवाया गया सुंदरकांड में वरिष्ठ भाजपा नेता बाबूलाल पटेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष जय सिंह ठाकुर, दिनेश बहती, डॉ ओमप्रकाश दुबे, अकबर सिद्दीकी एवं नगर के बहुत से वरिष्ठ उपस्थित रहे उपस्थित रहे।

### सिविल अस्पताल को दी ट्रायसिकल



**आष्टा।** राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा व विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर के हाथों जिला भाजपा के मीडिया प्रभारी सुशील संचेती की दिवंगत धर्मपत्नी स्वर्गीय ज्योति संचेती की स्मृति में नगर के सिविल अस्पताल को ट्राईसिकल भेंट की गई। अस्पताल में आने वाले दिव्यांग मरीजों की सहायता के लिए एक ट्रायसिकल सोनकच्छ के बाफना परिवार व आष्टा के संचेती परिवार की ओर से दान की गई। दान की गई उक्त ट्रायसिकल सिविल अस्पताल के बीएमओ डॉ. जीडी सोनी को सौंपी।

# शासकीय महाविद्यालय में चलाया नशा मुक्ति अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



शासकीय महाविद्यालय जावर नगर में 26 जून 2024 को अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें डॉ रचना मेहरा द्वारा विद्यार्थियो को नशे के प्रकार एवं समाज पर दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया। इसी के साथ ही शासकीय विद्यार्थियो के साथ स्टाफ सदस्यों ने जीवन में कभी नशा न करने की शपथ ग्रहण की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य नरेन्द्र कुमार शुक्ल, डॉ. सुमन भदौरिया, डॉ. रचना मेहरा, विशाल करंदीकर, डॉ. विजय कुमार यादव, सपना साहू, प्रीति कुशवाह,चेतन सिह ठाकुर,पुलकित शर्मा एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# चरनाल में कुत्ते ने 15 लोगों को काटा, घायलों को किया रेफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दोराहा/अहमदपुर



ग्राम पंचायत चरनाल में आवारा कुत्ते ने 15 लोगों को काट लिया। इनमें से 8 लोगों को परिजन अहमदपुर अस्पताल लेकर आए थे। 5 वर्षीय बच्चे के चेहरे पर गंभीर घाव है। उसके सहित सात लोगों को सीहोर रेफर किया गया है। कुत्ते के काटने से गांव में भय का माहौल है। ग्रामीण कुत्ते को लाठियों से पीट-पीटकर मार डाला। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में बाहर से आए कुत्ते ने बुधवार को दो लोगों को काट लिया था। इसके बाद उसे गांव से खदेड़ दिया था। कुत्ते के काटने के बाद दोनों लोगों को अहमदपुर अस्पताल ले गए थे। वहां डॉक्टरों ने इलाज किया।

गांव के सेल्समैन मांगीलाल गौर और रोहित साहू ने बताया कि गुरुवार को गांव में बच्चे खेल रहे थे तभी कुत्ता फिर से आया। उसने लोगों पर हमला कर दिया। इसमें दो बच्चे, महिला सहित 12-13 लोगों को काट लिया। गंभीर रूप से घायल 5 साल के तूफिया खान, रईसा बी, शिवानी, बद्री प्रसाद, सलीम, आशू अली को परिजन अहमदपुर अस्पताल ले गए। तूफिया सहित सात को सीहोर रेफर किया गया। परिजन चार लोगों को भोपाल ले गए। गांव में जो दिखा कुत्ते ने उसको काट लिया। कुत्ते से बचने के लिए लोग लाठियां लेकर निकल आए थे। काफी देर तक उसे गांव में और आसपास खेतों में ढूंढा। कुत्ते के काटने से बद्रीप्रसाद साहू, प्रियांशु केवट, घनश्याम केवट, सलीम खां, तूफिया खान, रईसा बी, शिवानी, आसू अली सहित अन्य लोगों को काट लिया है। एक व्यक्ति गांव से गुजरते हुए रुक गया था, कुत्ते ने उसके दोनों हाथों में काट लिया। रोजगार सहायक वंदना तिवारी ने बताया कि यह कुत्ता गांव के बाहर का है। लोगों को काटने की जानकारी मिलने पर बुधवार को उसे गांव के बाहर खदेड़ दिया था। गुरुवार को वह फिर से गांव में आ गया। कुत्ते ने दो भैंसों को भी काटा है। पशु चिकित्सा विभाग को इसकी सूचना दे दी है।

### ग्रामीणों में आक्रोश

ग्राम पंचायत चरनाल में सरपंच और ग्राम पंचायत द्वारा कुत्ते के मामले को लेकर ध्यान नहीं दिए जाने को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने एकजुट होकर कुत्ते का रेस्क्यू कर शाम लगभग 6:00 बजे करीब कुत्ते को मार दिया, बताया गया है कि जब ग्रामीण रेस्क्यू कर कुत्ते को मार रहे थे तो मरते मरते कुत्ते ने एक भैंस को और काट लिया जिससे पशु मालिक चिंता में डूब गया।

# वार्ड 14 में हो रहे सड़क निर्माण कार्य का पार्षद प्रतिनिधि ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



जावर नगर वार्ड क्रमांक 14 में गलियों में सीसी सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है। निर्माण कार्य की गुणवत्ता को पार्षद प्रतिनिधि अदनान हुसैन ने मौके पर पहुंच कर देखा। साथ ही गली में रहने वाले नागरिकों से भी निर्माण कार्य के बारे में जानकारी ली। नागरिकों ने बताया कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर वह भी नजर रख रहे हैं इसलिए वह भी चाहते हैं कि निर्माण कार्य ठीक हो। गलियों का निर्माण कार्य चल रहा है। इस मौके पर अदनान हुसैन ने मौके पर मौजूद ठेकेदारों से वह प्रस्तावित और अनुबंधों के मान से निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से करने की बात कही। निर्माण में किसी प्रकार की गड़बड़ी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी पार्षद की मनसा अनुरूप ही कार्य हो इस अवसर पर बाबूलाल पांचाल, विनोद पांचाल सहित अन्य वार्ड वासी मौजूद थे।

### भाउ बाबा मंदिर पर तीर्थ यात्रियों का स्वागत सम्मान कर किया रवाना

# अमरनाथ के दर्शन करने 80 तीर्थ यात्री हुए रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



हमारा आष्टा नगर आस्थावान नगर है, जहां हर समाज, जाति, धर्म के लोग निवास करते है और आपस में मिल-जुलकर प्रत्येक तीज-त्यौहार को उत्साहपूर्वक मनाते है। नगर में चाहे दीवाली का त्यौहार हो या ईद का सभी धर्म के त्यौहार को मनाने में हमारे नगर के नागरिक बढ़चढ़कर हिस्सा लेकर त्यौहार को साम्प्रदायिक तरीके से मनाकर उत्साह का रूप देते है। इस आशय के विचार नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने नगर के 80 तीर्थयात्रियों को अमरनाथ तीर्थयात्रा के लिए रवाना करते हुए भाऊबाबा मंदिर के सामने आयोजित उनके स्वागत सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। अमरनाथ तीर्थयात्रा पर जाने वाले तीर्थयात्रियों में अंकित वोहरा, सुदीप जायसवाल, अक्षित झंवर, तरूण नागौरी, अनिमेश गुप्ता, प्रियांश सुराना, संयम सुराना, अनुज सोनी, गौरव कोठारी, मृगांक गुप्ता, अमन गांग, रजत जैन सहित 80 लोग शामिल है। सभी तीर्थयात्रियों का नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, ललित नागौरी, पूर्व नपाध्यक्ष डॉ. मीना सिंगी, मंडी व्यापारी संघ अध्यक्ष रूपेश राठौर, पार्षद रवि शर्मा, कालू भट्ट, शेलू मेहता, युवा अभिभाषक एवं पत्रकार अक्षत पाठक, नितीन महांकाल, चेतन छाजेड़, वैभव मेवाड़ा, राजेश गौतम, गौरव सोनी, रविन्द्रसिंह ठाकुर आदि द्वारा पुष्पमाला पहनाकर स्वागत सम्मान कर बाबा भोलेनाथ के दर्शनार्थ अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना किया। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि श्री मेवाड़ा ने तीर्थयात्रियों की यात्रा मंगलमय हो इसके लिए बर्फानी बाबा भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना की।

# साहित्य परिषद के तत्वावधान में हुआ कार्यशाला और संगोष्ठी का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

अखिल भारतीय साहित्य परिषद मध्यप्रान्त के तत्वाधान में दो दिवसीय कार्यशाला एवं संगोष्ठी का आयोजन हुआ मध्यप्रान्त के अनेक जिलों से साहित्यकार गण पधारे दो दिनों चले इस विशिष्ट कार्यक्रम में साहित्यकारों ने अपनी श्रेष्ठ रचनाओं का पाठ किया इस कार्यशाला में राज्य सरकार के मंत्रियों ने पधारकर साहित्यकारों का सम्मान किया यह पूरा आयोजन प्रदेश का एकमात्र हिलस्टेशन पचमढ़ी के पास बनखेड़ी गाँव मे बड़े ही सुरम्य प्राकृतिक वातावरण में सम्पन्न हुआ तहसील अध्यक्ष के रूप में आर्य मोहन लाल भावसार ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई साथ ही आष्टा से दादा बाबू लाल देववाल, सीहोर से जिला अध्यक्ष डॉक्टर विजेंद्र जायसवाल, गोविंद लुवानिया, संदीप मेवाड़ा आदि उपस्थित हुए।

## खबर संक्षेप

### साक्षात्कार परीक्षा का आयोजन किया

**अशोकनगर।** सुब्रोस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, नॉएडा द्वारा स्थानीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के छात्र एव छात्राओं के लिए एक ऑनलाइन कैंपस साक्षात्कार परीक्षा का आयोजन किया गया। मैकेनिकल ब्रांच एवं इलेक्ट्रिकल ब्रांच के लिए आयोजित साक्षात्कार में महाविद्यालय के 70 छात्र एव छात्राए सम्मिलित हुए। जिसमे से आज आये परिणाम के आधार पर 41 छात्र एव छात्राओं का कंपनी के द्वारा चयन किया गया। छात्रो को उनकी कंपनी में करिअर निर्माण के बेहतर अवसर उपलव्ध है। कंपनी द्वारा ऑनलाइन लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार उपरान्त अंतिम चयन किया गया।प्राचार्य डॉ. बी.के. गुप्ता ने सभी चयनित हुए छात्र एव छात्राओं को अपने उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाये दी। ऑनलाइन परीक्षा हेतु संस्था के टी.पी.ओ. मनीष वैद्य एवं अंकुर सोनी का विशेष योगदान रहा।

### छत से गिरकर युवक हुआ घायल

**अशोकनगर।** बहादुरपुर थाने के अंतर्गत ग्राम रमपुरा निवासी बब्लू पुत्र पूरन कुशवाह उम्र 35 वर्ष वारिस को लेकर अपने घर की छत की मरम्मत करते समय 10 फीट उचाई से आंगन मे आ गिरा। जिससे उसे चोटे आई है। घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है।

### आकाशीय बिजली गिरने से मौत

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत ग्राम सेमरखेडी निवासी विश्ववीर अहिरवार पुत्र तोरण अहिरवार उम्र 40 हरदेव सरदार के खेत मे लगे पेड के नीचे आकाशीय बिजली गिर जाने के कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### किक्रेट मैच का सट्टा खेलते हुए दो आरोपी गिरफ्तार

**अशोकनगर।** जिले की देहात थाने की पुलिस ने अभिषेक रघुवंशी और जक्का खॉ निवासी आजाद नगर को लवकुश मंदिर के पास विमानो के चबूतरा के समीप किक्रेट मैच के उपर हार जीत का दाव खेल कर सटटा लगाते हुए मिले उनके पास से दो मोबाइल और 22100 रुपए बरामद किए हैं।

## 18 अप्रैल को भेजा था नोटिस, नगरपालिका ने फिर से जारी किए नोटिस

# नपा ने 34 मैरिज गार्डनों को भेजे नोटिस, नहीं आया किसी का जवाब





**खास बातें**

- मैरिज गार्डन बनाने से पहले अनुमति ली जाए।
- मैरिज गार्डन संचालन संबंधित दस्तावेज नगरपालिका मे जमा कराए जाए।
- अधोसरंचना विकास संबंधित दस्तावेज नगरपालिका मे प्रदान किए जाए।
- मैरिज गार्डन का नामांतरण कराया जाए।
- फायर सेफ्टी प्रमाण पत्र दस्तावेज प्रदान किए जाए।
- रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाया जाए।
- मैरिज गार्डनो के बाहर वाहन पार्किंग बनाए जाए।
- मैरिज गार्डन की क्षमता प्रमाण पत्र के साथ क्षमतानुसार शौचालय व्यवस्था और आने जाने के लिए दो रास्ते बनाए जाए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

नगरपालिका परिषद अशोकनगर ने शहर मे चल 34 मैरिज गार्डनो को 18 अप्रैल को नोटिस जारी किए थे। जिनमे कहा गया था कि उनके द्वारा नियमो का पालन नही किया जा रहा है। जिसे लेकर नगर पालिका द्वारा कई बिन्दुओ पर जानकारी भी मांगी गई थी। लेकिन एक भी मैरिज गार्डन संचालक द्वारा नगरपालिका के नोटिस को गंभीरता से नही लिया गया और न ही किसी नोटिस का जबाब भेजा गया। अब नगरपालिका फिर इन गार्डनो को नोटिस जारी कर रही है।

अशोकनगर शहर मे जो मैरिज गार्डन संचालित किए जा रहे है। उन मैरिज गार्डनो के द्वारा शासन द्वारा तय की गई लाइन के अनुसार नियमो का पालन नही किया जा रहा है। जिसे लेकर नगरपालिका ने नगरीय निकाय विभाग की 6 जनवरी 2021 की गाइडलाइन का उल्लेख भी किया था। लेकिन मजेदार बात यह है कि मैरिज गार्डन संचालको द्वारा नगरपालिका द्वारा दिए गए नोटिसो का कोई जबाब तक नही दिया गया। अब नगरपालिका फिर से इन मैरिज गार्डन संचालको को नोटिस जारी कर रही है। नगरपालिका की सूची मे भले ही 34 मैरिज गार्डन हो लेकिन इसके अलावा कम से कम शहर मे 10 मैरिज गार्डन और है जिनका उल्लेख इस सूची मे नही किया गया है। नगरपालिका को पता ही नही है। यह मैरिज गार्डन शहर मे संचालित है।

नगरपालिका द्वारा जो मैरिज गार्डनो को नोटिस जारी किए गए थे। उसमे कहा गया था कि 2021 मे जारी की गई गाइडलाइन के अनुसार मैरिज गार्डनो का संचालन किया जाए। जारी किए गए नोटिसो के बाद सात दिवस के अंदर नोटिस का जबाब और दस्तावेज मांगे गए है। अन्यथा नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 361 के उल्लघन के संबध मे एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

### 1 इन मैरिज गार्डनो को जारी किए गए नोटिस।

वेदांत भवन,मधुवन गार्डन,अमोल वाटिका,मुस्कान गार्डन, नमन गार्डन,नक्षत्र गार्डन,भगवती गार्डन,अमर मैरिज गार्डन,ब्राम्हण धर्मशाला मोती मोहल्ला,साहू मैरिज गार्डन, बगुल्या मैरिज गार्डन,राजश्री होटल, राजश्री मैरिज गार्डन,जलसा मैरिज गार्डन,शगुन मैरिज गार्डन,रघुवंशी धर्मशाला,स्वामी मैरिज गार्डन, जीके मैरिज गार्डन, चैधरी मैरिज गार्डन, जैन भवन,सत्यम लॉज, मंगल पैलेस, अग्रवाल गार्डन, नेमीश्री गार्डन, मानस भवन, मुस्कान होटल,संस्कृति गार्डन,मिनी चैधरी गार्डन, वर्धमान भवन,अशोका वाटिका,कस्तूरी गार्डन, आजाद पैलेस होटल आदि शामिल है। जिन्हे नोटिस जारी किए गए हैं।

## शुजालपुर परियोजना की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शुजालपुर

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गत दिवस परियोजना शुजालपुर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम परियोजना अधिकारी शुजालपुर द्वारा पोषण ट्रेकर में आंगनबाड़ी केंद्र खोलने व खाने, नाश्ते की प्रविष्टि शत-प्रतिशत करने की जानकारी दी। इस दौरान परियोजना अधिकारी ललित राठौर द्वारा ने पूर्व प्रारम्भिक शिक्षा संबंधी गतिविधि की जानकारी प्रदान की।

प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी नीलम चौहान ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि गर्भवती महिलाओं का समय पर पंजीयन कर उन्हें प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से लाभांवित करें व द्वितीय प्रसव पर बालिका जन्म लेने पर उनको भी योजना का लाभ दिलवाए। साथ ही बच्चों का टीकाकरण नियत समय पर हो व दत्तक अभियान के तहत केन्द्रों पर पंजीकृत बच्चों की स्वास्थ जांच अवश्य कराएं। साथ ही लाड़ली लक्ष्मी बालिकाएं जिनको कक्षा 6 टी, 9वी की राशी प्रदान की जाती है उनकी ई-केवायसी, खाता आधार लिंक व डीबीटी सक्रीय करवाए, ताकि कोई बालिका छात्रवृति से वंचित न रहे। मिशन शक्ति के तहत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की जानकारी देते हुए बेटी जन्मौत्सव मनाए एवं लिंगभेद न हो यह सुनिश्चित करें।

इस दौरान चौहान ने परियोजना कालापीपल का निरिक्षण किया एवं सेक्टर पर्यवेक्षको की बैठक लेकर विभाग की योजनाओ में शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति के निर्देश दिए। साथ ही वजन अभियान के दौरान लिए वजन का क्रास सत्यापन करने के निर्देश देते हुए आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों की उपस्थति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान पर्यवेक्षक ममता मनावर, संगीता मंडावर, ज्योति बामनिया, अफसा बी, मंजू दांगी, प्रदीप गुप्ता व भरत परमार, भाव सिंह मेवाडा, ब्लाक समन्वयक मनीष चोबे, सुरेन्द्र व समस्त विभागीय अमला मौजूद रहा। अंत में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को नशामुक्त गांव एवं समाज बनाने के लिए जागरूकता गतिविधियां करने के निर्देश देते हुए शपथ दिलाई गई।

## जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गए

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र के अंतर्गत मारपीट की घटनाओ के कई मामले दर्ज किए गए है। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत अशोकनगर निवासी मनोज जैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राजीव ,पवन, डालू ,अंशु ने अनाज की बोली लगाने के उपर से उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना मे दूसरे पक्ष की ओर से पवन जैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मनोज जैन ने अनाज की बोली लगाने के उपर से उससे मारपीट की। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकर कालोनी निवासी विवेक अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पतराम लोधी सुमेर छोटू ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पिपरौदा निवासी महेन्द्र यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी धर्मेन्द्र लखन बंटी शीला बाई निवासी पिपरौदा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जमडेरा निवासी कृपाण बाई गुर्जर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गोपाल नरेन्द्र पदम दिनेश ने घर मे घुसकर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।



## आपदा प्रबंधन टीम के साथ बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

गुरूवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अशोकनगर के सभाकक्ष में नालसा (आपदा पीड़तों को विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से विधिक सेवा) योजना, 2010 अंतर्गत आपदा प्रबंधन टीम के कमांडेंट राघुवेन्द्र शर्मा एवं अन्य कर्मचारीगण के साथ बैठक आयोजित की गई है। उक्त बैठक में आपदा प्रबंधन दल से प्राकृतिक एवं मानव जनित आपदाओं जैसे बिजली, आग, बाढ़, भूकम्प, भू-स्खलन, जहरीली गैस रिसाव, गन शॉट, स्नेक बाइट, सूखा या औद्योगिक आपदाओं से कैसे बचा जा सकता है एवं बचाव के उपाय के बारे में जानकारी ली गई तथा आपदा पूर्व प्रयासों के संबंध में ट्रेनिंग दिये जाने हेतु चर्चा की गई, जिससे भविष्य में घटित होने वाली किसी भी घटना/आपदा से निपटने में सहायक होगा। इसी क्रम में अध्यक्ष, अधिवक्ता संघ, अशोकनगर महेन्द्रसिंह यादव एवं उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता के साथ आपदा प्रबंधन के संबंध में शिविर आयोजित किये जाने हेतु रूपरेखा तैयार की गई।



## महाविद्यालय में ग्रीन कैंपस बनाने पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

वनस्पति विज्ञान विभाग एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ, शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अशोकनगर द्वारा आज महाविद्यालय के वनस्पति उद्यान में पौधा रोपण किया गया।

यह कार्यक्रम डॉ राजेश कुमार, एडिशनल डिस्ट्रिक कैबिनेट सेक्रेटरी, लायंस इंटरनेशनल, 3233 ई 1 के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं महाविद्यालय के प्राचार्य मनोज ठाकुर के बीच एम ओ यू पर भी हस्ताक्षर किये गये। इस एम ओ यू के अंतर्गत एडिशनल डिस्ट्रिक कैबिनेट सेक्रेटरी, लायंस इंटरनेशनल, लायंस क्लब, अशोकनगर के द्वारा महाविद्यालय को ग्रीन कैंपस बनाने एवं विद्यार्थियों के विकास हेतु विभिन्न गतिविधियों का आयोजन समय-समय पर किया जायेगा। ये पौध रोपण इस कड़ी में पहली गतिविधि थी, जिसके अंतर्गत अशोक और चंपा के पौधे रोपे गये। साथ ही जामुन के बीज बोये गए जिन्हें अंकुरण उपरांत महाविद्यालय द्वारा विकसित किये जा रहे विद्या वन में रोपा जायेगा। इस अवसर पर उपस्थित विभाग के स्टाफ और विद्यार्थियों से प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ रेनू राजेश ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और बीज (जामुन, आम इत्यादि) बोने की अपील की जिससे कैंपस को हरा भरा बनाया जा सके। आयोजन में 18 विद्यार्थियों और विभाग के सम्पूर्ण स्टाफ ने हिस्सा लिया।




## शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में प्रवेश के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने की अंतिम तिथि 17 जुलाई

**अशोकनगर।** शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय अशोकनगर संस्था में इंजीनियरिंग डिप्लोमा के पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में कक्षा 10वीं के आधार पर सत्र 2024-25 के लिए प्रवेश हेतु ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 13 जून से प्रारंभ हो गये है। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 17 जुलाई 2024 है। प्रवेश हेतु अभ्यर्थी ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन हेतु वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन करा सकते है।

प्राचार्य शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय अशोकनगर डॉ.ब्रजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय अशोकनगर संस्था में संचालित इंजीनियरिंग डिप्लोमा के विभिन्न पाठ्यक्रम सिविल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग,इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग संचालित है। संस्था द्वारा छात्र-छात्राओं को विशेष सुविधाए उपलब्ध कराई जाती है। छात्रो का कैंपस द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों में चयन, नियमानुसार छात्रवृत्ति व्यवस्था,निशुल्क पुस्तकें एवं पुस्तकालय में रीडिंग रूम की सुविधा, प्रशिक्षित शिक्षक, आधुनिक प्रयोगशालाएं, कंप्यूटर लैब एवं स्मार्ट कक्षाएं की सुविधा उपलब्ध है। विस्तृत समय सारिणी जैसे पंजीयन, सत्यापन, प्राथमिकता क्रम चयन, कॉमन मेरिट सूची, आवंटन पात्र एवं संस्था में रिपोर्टिंग की तिथियों की जानकारी काउंसलिंग पोर्टल पर उपलब्ध रहेगी। समय समय पर तिथियों में परिवर्तन की जानकारी भी काउंसलिंग पोर्टल कजम.उचवदसपदम.हवअ.पद पर उपलब्ध कराई जाएगी। प्रवेश नियम, अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण निर्देश, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची, काउंसलिंग पोर्टल पर उपलब्ध है।

## बिजली कटौती से ग्रामीण हो रहे परेशान

**अशोकनगर।** हर्षवर्धन राय ने गुरुवार को ग्राम रिजौदा के ग्रामवासियोंओ के साथ विद्युत मंडल उप महा प्रबंधक कार्यालय पहुंचे यहां पर अधिकारियों से बात कर कहा कि रिजौदा में हो रही बिजली कटौती से ग्रामवासी बहुत ज्यादा परेशान हो रहे हैं ओर बिजली कटौती के कारण ग्राम में पेयजल की भी समस्या हो रही है एवं विभीषण गर्मी के कारण रात में जो लाइट कट जाती है उस छोटे-छोटे बच्चों का भी डर कीड़ा कांटों से बना रहता है। अधिकारियों से कहा कि आगे से इस प्रकार की अवैध कटौती न हो नहीं तो समझ ग्राम वासियों के साथ विद्युत मंडल का घेराव करेंगे। इस दौरान ग्रामवासी अनिल यादव, अंकित यादव, अमन महाराज, जगराम, सागर सिंह, राम विजय, करतार सिंह, शिवप्रताप, जीतू यादव, जयपाल, सुनील के संख्या में ग्रामीण वासी उपस्थित रहे।



## सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता से किए जाने कलेक्टर ने दिए निर्देश

**अशोकनगर।** कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी द्वारा जिले के समस्त विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया गया है कि सीएम हेल्पलाईन 181 अंतर्गत प्रत्येक लेवल शिकायतों को अटेण्ड करने एवं 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता से किये जाने के निर्देश दिए गए है। जारी निर्देशों के तहत सभी विभागीय अधिकारी सीएम हेल्पलाईन में लंबित शिकायतों को संतुष्टिपूर्वक निराकरण कराना सुनिश्चित करें। साथ ही प्राप्त शिकायतों को समय पर अटेण्ड की जाएं। जिससे शिकायतें उच्च लेवल पर न पहुंचकर एल-1 एवं एल-2 पर निराकृत हो सके। सीएम हेल्पलाईन पोर्टल पर भी शिकायतों के निराकरण का प्रतिवेदन सही ढंग से फीड किया जाए।

## विद्यार्थियों के लिए आयोजित होगा तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मध्यप्रदेश शासन उच्चशिक्षा विभाग के निर्देशानुसार महाविद्यालय में नवप्रवेशित विद्यार्थियों हेतु दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन 1 जुलाई से 3 जुलाई तक महाविद्यालय में किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य यह है कि विद्यार्थी महाविद्यालय के वातावरण में सहजता और आत्मविश्वास से अध्ययन कर सके एवं महाविद्यालय के सभी कार्यक्रमों में सहभागिता करने के साथ-साथ, आत्मनिर्भरता विकसित कर समाज का एक जागरूक नागरिक बन सकें।

कार्यक्रम तीन दिवसीय होगा, जिसमें प्रथम दिन विद्यार्थियों के पंजीयन उपरांत प्राचार्य एवं मुख्य अतिथियों का उद्बोधन होगा, तदोपरांत विद्यार्थियों को समस्त महाविद्यालयीन स्टॉफ सदस्यों से परिचित कराया जाएगा। इसके उपरांत राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 अंतर्गत समस्त शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ परीक्षा प्रणाली एवं विषय चयन आदि से विद्यार्थियों को अवगत कराया जावेगा। इसके बाद वरिष्ठ विद्यार्थियों से संवाद करने उपरांत नव प्रवेशित विद्यार्थियों को अपने विचार व्यक्त करने हेतु प्रेरित किया जावेगा विद्यार्थियों को महाविद्यालय एवं स्टॉफ के सदस्यों के परिचय हेतु लघु फिल्म दिखाई जाएगी। द्वितीय दिवस विद्यार्थी महाविद्यालय परिसर, पुस्तकालय, हिन्दी ग्रंथ अकादमी काउंटर, विभागों, विवेकानंद कॅरियर प्रकोष्ठ आदि का भ्रमण कर महाविद्यालय से भली भांति परिचित होंगे। द्वितीय दिवस अंतिम बेला में प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया जाएगा, जिससे नवप्रवेशित विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया जाएगा। तृतीय दिवस विद्यार्थियों को आधारभूत नियमों की जानकारी दी जाएगी।

## थाने व चौकियों में पड़े जब्त वाहन हो रहे कबाड़

### विभागीय जिम्मेदार अधिकारी का नहीं है इस और कोई ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंदेरी

सालों से थाने में जप्त रखे वाहनों के लिए उनके मालिकों को सौंपने की बात भले ही प्रशासन कर रहा हो लेकिन चन्देरी क्षेत्र की पुलिस चैकियों मैं जप्त वाहनों की हालत इतनी बदहाल हो चुकी है कि पुलिस तो दूर इन वाहनों के मालिक भी इन्हें पहचान नहीं सकते हैं यही हाल चन्देरी क्षेत्र की चैकियों का है जहाँ पिछले कई वर्षों से सैकड़ों की संख्या में वाहन अलग-अलग चैकियों में जप्त पड़े हुये है जो की पूरी तरह कंडम हो चुके अधिकतर वाहनों के पाट्र्स गायब हैं और बे थाने की मिट्टी के साथ मिट्टी होकर रह गए हैं थाने में अधिकतर वाहन चोरी तस्करी एक्सीडेंट से लेकर लावारिस हालत मैं मिले हैं यह सुनकर थोड़ा अजीब लगेगा कि चन्देरी थाने में जप्त वाहनों के पाट्र्स गायब हो रहे हैं पर यह 100 फ़ीसदी सच बात है थाने में खड़े वाहनों से बैटरी वाइजर,होरन, साइलेंसर,मीटर ,पहिया ,टायर सहित अन्य पाट्र्स गायब हो गए पुलिस सूत्र बताते हैं कि थाना में कोई चोर चोरी के लिए नहीं आता पर थाने में खड़ी पुरानी जप्त वाहनों के पाट्र्स गायब होने पर पुलिस पर प्रश्न चिन्ह लग रहे हैं पुलिस अधिकारी सब कुछ जान कर भी अंजान बनते हैं यह भी बताया जा रहा है कि ऐसी सैकड़ों वाहन है जिसे लेने के लिए कोई भी नहीं आता है



### सालों से नहीं हुई नीलामी

जानकर मानते हैं कि सरकार इन जप्त वाहनों को यदि नीलाम करते हैं तो खजाने में करोड़ों रुपए का रेवन्यू पहुंच सकता था। पुलिस सूत्रों का कहना है कि थानों में अब तक वाहनों की हालत बहुत खराब हो चुकी है नीलामी या इन वाहनों को उनके मालिक को सौंपने के कोर्ट या सरकार से आदेश भी नहीं मिलते हैं।

### चार पहिया वाहनों के टायर गायब

विभिन्न चैकियों में जब्त वाहनों में ऐसे वाहनों की संख्या बहुत है जिनके कील-पुर्जे ही गायब हैं थाने में जप्त पड़े कई वाहनों के तो अधिकतर पाट्र्स एवं म्यूजिक सिस्टम तक गायब हैं कुछ चार पहिया वाहन ऐसे हैं जिनमें टायर ही नदारद है। अदालत यदि इन वाहनों से संबंधित डिटेल मांग ले तो पुलिस के हाथ पांव फूल जाएंगे इसके बावजूद भी पुलिस इसकी जानकारी नहीं रखती।

## ईसागढ़ में सामाजिक अधिकारिता शिविर का किया गया आयोजन

### दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग व उपकरणों का हुआ वितरण



**अशोकनगर।** भारत सरकार की एडिप योजना अंतर्गत दिव्यांगजनों को निरूशुल्क सहायक उपकरण वितरण हेतु जनपद पंचायत ईसागढ़ में गुरूवार को सामाजिक अधिकारिता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी उपस्थित रहे। शिविर में पूर्व विधायक चंदेरी राजकुमार यादव, सिरनाम सिंह यादव,सीईओ जनपद पंचायत ईसागढ़ आलोक इटौरिया सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं बडी संख्या में दिव्यांगजन उपस्थित रहे। शिविर में विधायक ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण हेतु अनेकों प्रयास किये जा रहे हैं। जिससे दिव्यांगजनों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ा जा सके। उन्होंने दिव्यांगजनों के लिए संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजना से लाभान्वित कर सशक्त बनाया जा रहा है।

**उपकरणों का किया वितरण**

शिविर में चंदेरी विधायक द्वारा दिव्यांगजनों को ट्राईसाईकिल एवं कृत्रिम अंगों का वितरण किया गया। जनपद पंचायत ईसागढ में कुल 34 उपकरणों का वितरण किया गया । जिसमें मोटराईज ट्राईसाईकिल 04, ट्राइसाईकिल 10,व्हील चेयर 01,एलबो 02,स्टिक 08,रोडप्टर 01,कूरच एगचीला मीडियम 02 तथा हेयरिंग 02 शामिल हैं।